REG. NO. COOP/2025/AJMER/500298

# निर्भया सेना राजस्थान

निर्भया सेवा संस्थान अजमेर एवं रामा मार्शल आर्ट, सुरत द्वारा संचालित

## महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षित प्रतिनिधियों पद हेतु भर्ती - 2026

## दिशानिर्देश

भर्ती उद्देश्य :

राजस्थान राज्य के सभी जिलो व ब्लॉक में महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं जागरूकता हेतु प्रशिक्षित महिला प्रतिनिधियों की नियुक्ति। यह भर्ती प्रक्रिया निर्भया सेना राजस्थान एवं रामा मार्शल आर्ट सूरत द्वारा संचालित की जा रही है। राज्य की हर नारी को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षित बनाना ही हमारा उद्देश्य है।

पदों का विवरण :

जिला व ब्लॉक स्तर (प्रत्येक जिला / ब्लॉक में **2-2** महिला पद) कुल – **705 पद**

- केवल महिला प्रतिनिधि (आयु **18** से **40** वर्ष)

योग्यता : **10+2 (किसी भी वर्ग में)**

आवेदन की प्रक्रिया :

1. सभी अभ्यर्थी को आवेदन ऑनलाइन वेबसाइट **www.nirbhayasenarajasthan.com** के माध्यम से करना होगा।
2. आवेदन शुल्क: **500/-** रुपये
3. आवेदन प्रारम्भ दिनांक: **01 जुलाई 2026,** बुधवार
4. आवेदन अंतिम दिनांक: **31 जुलाई 2026,** शुक्रवार (रात्रि: **11:59** बजे तक)
5. लिखित परीक्षा एवं सेमिनार हेतु प्रवेश पत्र जारी दिनांक: **06 अगस्त 2026,** गुरुवार
6. लिखित परीक्षा तिथि व समय: **09 अगस्त 2026,** रविवार (प्रातः 10:00 बजे)
7. लिखित परीक्षा केंद्र: सोफिया गर्ल्स कॉलेज, अजमेर
8. सेमिनार समय: **09 अगस्त 2026,** रविवार (लिखित परीक्षा पश्चात)
9. परिणाम तिथि: **20 अगस्त 2026,** गुरुवार
10. प्रशिक्षण आरम्भ तिथि: सितम्बर – अक्टूबर माह **2026**

**चयन प्रक्रिया : (महिला आवेदक हेतु)**

1. ऑब्जेक्टिव परीक्षा (Objective Exam): 100 प्रश्न

- **कुल अंक : 100**
- **अवधि : 90 मिनिट**
- परीक्षा एवं सेमिनार केंद्र : **सोफिया गर्ल्स कॉलेज, अजमेर**

2. चयन केवल मेरिट के आधार पर किया जाएगा। जिसमे किसी भी प्रकार का कोई आरक्षण मान्य नहीं होगा।

**सेमिनार प्रक्रिया : (सभी आवेदक हेतु)**

- लिखित परीक्षा प्रक्रिया के पश्चात सभी आवेदकों के लिए सेमिनार होगा जिसमे सभी आवेदकों को अपने कार्यक्षेत्र में दी जाने वाली जिम्मेदारियों, कार्यभार एवं वेतनमान के बारे में अवगत कराया जायेगा l

**अतिरिक्त अंक :**

- 10 अंक: ब्लैक बेल्ट प्रमाणपत्र धारकों को
- 5 अंक: विधवा / तलाकशुदा / बी.पी.एल.
- 5 अंक: बी.पी.एड. डिग्री (राजस्थान राज्य से प्राप्त)
- 5 अंक: निर्भया सेना राजस्थान द्वारा आयोजित आत्मरक्षा शिविर प्रमाणपत्र धारकों को

**नोट: अतिरिक्त अंक प्राप्त करने हेतु योग्य उम्मीदवार सम्बंधित प्रमाण पत्र एवं 1 फोटोप्रति परीक्षा तिथि के समय प्रवेश पत्र के साथ लाना अनिवार्य है l दस्तावेजो के आभाव में किसी भी प्रकार के अतिरिक्त अंक को चयन प्रक्रिया के मेरिट में शामिल नही किया जायेगा l**

उपरोक्त प्रक्रिया में सफल होने वालों की संख्या: प्रत्येक पद के लिए 1.5 गुणा उम्मीदवार प्रशिक्षण के लिए चयनित होंगे।

**प्रशिक्षण एवं शुल्क :**

- अभ्यर्थी को 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण अवधि के दौरान आवास एवं भोजन व्यवस्था हेतु **₹9,000/-** तथा **सेल्फ डिफेंस किट** हेतु **₹2,500/-** का शुल्क जमा करवाना होगा। यह राशि **पूर्णतः गैर-वापसी योग्य (Non-Refundable)** होगी। यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त राशि में **प्रशिक्षण शुल्क शामिल नहीं है**। संस्था द्वारा **सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क** प्रदान किया जाएगा तथा प्रशिक्षण के लिए किसी भी प्रकार का अलग शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षित प्रतिनिधियों सेल्फ डिफेंस किट (Self-Defence Kit) प्रदान की जाएगी :**

- 1 निर्भया सेना यूनिफॉर्म
- 1 नान-चाकू
- 1 एयरगन
- 1 तलवार
- 1 लाठी आदि।
- प्रशिक्षण अवधि: 30 दिवस (महिला आत्मरक्षा एवं मार्केटिंग ट्रेनिंग)

**नियुक्ति एवं वेतन :**

- प्रशिक्षण उपरांत सभी अभ्यर्थियों की नियुक्ति उनके संबंधित क्षेत्र (ब्लॉक/जिला) में की जाएगी।
- मासिक वेतन: **कैम्प आयोजन एवं कार्यानुसार (₹ 7,000- 30,000/-** प्रति माह) (*नियम व शर्तें लागू)

संपर्क जानकारी :-

राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक – श्री मुकेश राठौड़ **(7 Degree Black Belt)**

राजस्थान अध्यक्ष – श्री कमल किशोर

ऑफिस संपर्क **(09:00am – 06:00pm): 95870 00112 , 96941 21109, 96941 21110**

ईमेल : **nirbhayasenarajasthan@gmail.com**

वेबसाइट : **www.nirbhayasenarajasthan.com**


**Mr. MUKESH RATHOD**
**PRESIDENT & FOUNDER**

**MR. KAMAL KISHORE**
**PRESIDENT**
**NIRBHAYA SENA RAJASTHAN**
**95882 24455**



NIRBHAYA SENA
RAMA MARTIAL ARTS
सशक्त । आत्मनिर्भर । भयमुक्त

# महिला अभ्यर्थी परीक्षा – सिलेबस एवं पैटर्न

**कुल प्रश्न:** 100
**कुल अंक:** 100
**प्रश्न प्रकार:** वस्तुनिष्ठ (MCQ)
**परीक्षा अवधि:** 90 मिनिट

---

## पाठ्यक्रम का विवरण

### 1. प्रेरणादायक महिलाओं का इतिहास – 25 प्रश्न

इन महान महिलाओं के जीवन, कार्य और उपलब्धियों से संबंधित प्रश्न:

- रानी लक्ष्मीबाई
- अहिल्याबाई होल्कर
- हाड़ा रानी
- रानी दुर्गावती
- किरण बेदी
- सरोजिनी नायडू
- सावित्रीबाई फुले
- कल्पना चावला
- सुनीता विलियम्स
- गीता फोगाट
- अरुणिमा सिन्हा

---

### 2. सामान्य अंग्रेज़ी (Basic English) – 10 प्रश्न

**विषय:**

- पर्यायवाची और विपरीतार्थक शब्द (Synonyms & Antonyms)
- सामान्य व्याकरण (Tense, Article, Preposition)
- शब्दावली (Vocabulary)
- वाक्य सुधार
- लघु अनुच्छेद आधारित समझ

---

### 3. तर्कशक्ति (Reasoning) – 10 प्रश्न

**विषय:**

- श्रृंखला (संख्या/अक्षर)
- असमान तत्व चुनना
- कोडिंग-डिकोडिंग
- रक्त संबंध

- दिशा ज्ञान
- सरल पहेलियाँ

---

**4. करंट जनरल नॉलेज (GK) – 20 प्रश्न**

**महत्वपूर्ण क्षेत्र :**

- महिला संबंधित हाल की सरकारी योजनाएँ
- राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय घटनाएँ (पिछले 6 माह)
- खेल, पुरस्कार, विज्ञान
- भारतीय संविधान से जुड़े महिला अधिकार
- वर्तमान समय की महिला उपलब्धियां
- वर्तमान समय में घटित घटनाये

---

**5. मोबाइल और कंप्यूटर का सामान्य ज्ञान – 15 प्रश्न**

**विषय :**

- मोबाइल ऐप्स का उपयोग (कैमरा, व्हाट्सएप, सेटिंग्स आदि)
- सुरक्षा हेतु मोबाइल का प्रयोग
- ईमेल, इंटरनेट, MS Word का सामान्य ज्ञान
- महिलाओं हेतु साइबर सुरक्षा
- सामान्य शॉर्टकट (जैसे Ctrl+C, Ctrl+V)
- हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर

---

**6. महिला सुरक्षा दिशानिर्देश व हेल्पलाइन – 20 प्रश्न**

**विषय :**

- आत्मरक्षा के सिद्धांत
- राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन नंबर (जैसे 1091, 181, 112 आदि)
- महिला सुरक्षा कानून (POSH, घरेलू हिंसा कानून आदि)
- सरकारी पहल (निर्भया फंड, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ)
- आपातकालीन स्थितियों में कार्यवाही
- सार्वजनिक स्थान, कार्यस्थल और इंटरनेट पर सुरक्षा उपाय

# <u>महत्वपूर्ण सामान्य निर्देश — लिखित परीक्षा</u>
# <u>निर्भया सेना राजस्थान महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षक भर्ती हेतु</u>

**परीक्षा के लिए अनिवार्य निर्देश :**

1. परीक्षा केंद्र पर समय से कम से कम 30 मिनट पूर्व पहुंचें। बिना प्रवेश पत्र एवं वैध आईडी प्रूफ के किसी भी उम्मीदवार को प्रवेश नहीं मिलेगा।
2. परीक्षा केंद्र पर **कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** (मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इयरफोन, ब्लूटूथ डिवाइस आदि) **प्रतिबंधित** है।
3. उम्मीदवार को अपना **परीक्षा प्रवेश पत्र**, एक **पारदर्शी बॉल पेन (नीला या काला)** साथ लाना होगा।
4. उत्तर पत्रक में उत्तर केवल **बॉल पेन से ही भरें। पेंसिल से उत्तर भरना पूर्णतः प्रतिबंधित है।**
5. परीक्षा केंद्र पर **किसी भी प्रकार की किताबें, नोट्स, पर्ची या अन्य सामग्री प्रतिबंधित** है।
6. किसी अन्य अभ्यर्थी से **बातचीत करना, उत्तर पूछना या नकल करना** प्रतिबंधित है। पकड़े जाने पर परीक्षा से बाहर कर दिया जाएगा।
7. परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखें, शांति और नियमों का पालन करें।
8. किसी भी उम्मीदवार के पास यदि कोई प्रतिबंधित वस्तु पाई जाती है या कोई दिशा–निर्देश तोड़ता है, तो उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।
9. भर्ती सम्बन्धित किसी भी प्रकार के वाद-विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा।

**कृपया सभी निर्देशों का पालन करें अन्यथा आपकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।**